**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 969**

**03 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एमबीबीएस की सीटें**

**969 डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:**
**श्रीमती कविता मलोथू :**
**डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:**
**श्री दयाकर पसुनूरी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सरकार के संज्ञान में आया है की शैक्षणिक वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान क्रमश: 274 और 273 एमबीबीएस सीटें नहीं भरी जा सकी है;

(ख) उन महाविद्यालयों का ब्यौरा क्या हैं जिनमें ये सीटे रिक्त रह गई हैं;

(ग) इन सीटों को रिक्त रखने के क्या कारण हैं; और

(घ) वर्ष 2020-21 में रिक्त पड़ी सीटों का ब्योरा क्या है और एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सभी सीटों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (घ): राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए एमबीबीएस में रिक्त सीटों का राज्यवार विवरण अनुलग्नक में है। 2020-21 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में खाली पड़ी सीटों का विवरण एनएमसी द्वारा केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

स्नातक चिकित्सा शिक्षा और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा पर विनियमों के प्रावधानों के अनुसार, केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और डीम्ड विश्वविद्यालयों के अखिल भारतीय कोटा सीटों में प्रवेश के लिए कॉमन काउन्सलिंग, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की जाती है। । इसी प्रकार, सरकारी मेडिकल कॉलेज में राज्य कोटा सीटों और निजी मेडिकल कॉलेजों में सभी सीटों पर प्रवेश के लिए, संबंधित राज्य सरकारें कॉमन काउन्सलिंग आयोजित करती हैं तथा संबंधित राज्य सरकारें ही सीटें भरने के लिए जिम्मेदार हैं ।

**अनुलग्नक**

**गत दो वर्षों के दौरान रिक्त एमबीबीएस सीटों का राज्यवार और वर्षवार विवरण**

| | **रिक्त एमबीबीएस सीटे** | |
|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2018-19** | **2019-20** |
| आंध्र प्रदेश | 2 | 6 |
| असम | 1 | 1 |
| बिहार | 16 | 4 |
| चंडीगढ़ | 2 | 1 |
| छत्तीसगढ़ | 2 | 0 |
| दिल्ली | 4 | 2 |
| गुजरात | 0 | 5 |
| हरियाणा | 1 | 7 |
| हिमाचल प्रदेश | 1 | 0 |
| जम्मू और कश्मीर | 3 | 55 |
| झारखंड | 0 | 114 |
| कर्नाटक | 2 | 6 |
| केरल | 1 | 1 |
| मध्य प्रदेश | 149 | 2 |
| महाराष्ट्र | 1 | 9 |
| मणिपुर | 0 | 1 |
| मिजोरम | 1 | 0 |
| उड़ीसा | 2 | 21 |
| पंजाब | 3 | 1 |
| राजस्थान | 1 | 5 |
| तमिलनाडु | 0 | 10 |
| तेलंगाना | 75 | 8 |
| त्रिपुरा | 2 | 1 |
| उत्तराखंड | 3 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 1 | 4 |
| पश्चिम बंगाल | 1 | 9 |
| कुल | **274** | **273** |

*******